## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 30.04.2025

**पार्किंग के लिए गंजारी स्टेडियम के पास दी जाएगी जमीन**

**वाराणसी।** गंजारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास बहुमंजिला पार्किंग और ट्रैफिक प्लान को लेकर मंगलवार को वीडीए में बैठक हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि वाराणसी रिंग रोड के ग्राम गंजारी में स्टेडियम के आयोजन दिवसों पर प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाएंगे।

बैठक में भूमि चिह्नांकन की प्रक्रिया, पार्किंग के संभावित स्थानों, यातायात के वैकल्पिक मार्गों और नियमन व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। आगामी आयोजनों में आमजन को कम असुविधा हो और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बन सके। भविष्य में यहां अंतरराष्ट्रीय खेल होंगे। इसे देख मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल), अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात), एसडीएम राजातालाब आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

### दैनिक जागरण–दि0 30.04.2025

**गंजारी में क्रिकेट स्टेडियम के पास बनेगी बहुमंजिला पार्किंग**

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रिंग रोड पर गंजारी में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास प्रस्तावित बहुमंजिला वाहन पार्किंग और ट्रैफिक प्लान की तैयारी को लेकर मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अपने सभागार में बैठक की। उपाध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने के साथ वहां खेल आयोजन होंगे, ऐसे में भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटेगी। उसके साथ ही वहां वाहन पार्किंग की जरूरत पड़ेगी। एडीसीपी ट्रैफिक राजेश पांडेय ने स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता से 30 प्रतिशत अधिक वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था करने सलाह दी। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकाल) प्रकाश चंद्र, उप जिलाधिकारी राजातालाब, अधिशासी अभियंता (सीडी-1) और वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात आदि मौजूद थे।

## हिन्दुस्तान–दि0 30.04.2025

# गंजारी में बनेगी मल्टी लेवल पार्किंग

**क्रिकेट स्टेडियम**

**वाराणसी, कार्यालय संवाददाता।** गंजारी में दस हजार वाहनों की क्षमता वाली मल्टी लेवल पार्किंग बनाने के लिए मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक हुई। पार्किंग की क्षमता में बदलाव हो सकता है।इस पर अभी अंतिम सहमति नहीं बनी है।

पिछले दिनों दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टेडियम के पास मल्टी लेवल पार्किंग बनाने का निर्देश दिया था। इस संबंध में हुई बैठक में वीडीए उपाध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल), अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात), उपजिलाधिकारी राजातालाब तथा अधिशासी अभियंता (सीडी-1) बैठक में शामिल हुए। बैठक में भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया, पार्किंग के संभावित स्थानों, यातायात के वैकल्पिक मार्गों एवं नियमन व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



गंजारी स्टेडिएम के पास मल्टी लेवल पार्किंग के संबंध में वीडीए कार्यालय में बैठक की गई।

उपाध्यक्ष पुलकिग गर्ग ने कहा कि करीब 30 हजार की क्षमता वाले निर्माणाधीन स्टेडियम में अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां पर करीब 12 हजार लोग वाहन से आएंगे। स्टेडियम में पहले से 1500 वाहनों के क्षमता की पार्किंग प्रस्तावित है। लेकिन भविष्य में यह नाकाफी होगी। इस हिसाब से हम तैयारी कर रहे हैं। अगले सप्ताह एक और बैठक होगी। इसके बाद कुछ निष्कर्ष निकलेगा। उन्होंने बताया कि दस हजार की क्षमता वाले पार्किंग में सात हजार दो पहिया और तीन हजार चार पहिया वाहनों को रखने की व्यवस्था होगी।इस दौरान अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार मौजूद थे।

## आज–दि0 30.04.2025

# अन्तरराष्ट्रीय स्टेडियम गंजारीमें विप्रा बनायेगी पार्किंग

विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम गंजारी में पार्किंग भवन बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और लोकनिर्माण विभाग के अभियंताओं से संबंधित विषय में विचार विमर्श किया गया। इसमें प्रमुख रूप से स्टेडियम बन जाने के बाद यातायात को सुनिश्चित करने को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गयी। उपाध्यक्ष ने उपदेश दिया कि पार्किंग के लिए संभावित स्थानों को चिह्नित करते वक्त यातायात व्यवस्था को विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रोटोकाल, अपर पुलिस आयुक्त यातायात उप जिलाधिकारी राजातालाब अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के अलावा विप्रा के अपर सचिव और नगर नियोजक शामिल थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 30.04.2025

# गंजारी स्टेडियम के पास बनेगी बहुमंजिला पार्किंग

वाराणसी। गंजारी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास बहुमंजिला पार्किंग बनेगी। इसको लेकर मंगलवार को विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में अधिकारियों की मीटिंग हुई। इसमें स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक प्लान को लेकर चर्चा की गई।



स्टेडियम के निकट बहुमंजिला पार्किंग भवन के निर्माण, आयोजन के दिनों में यातायात प्रबंधन और आमजन को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान, वैकल्पिक यातायात मार्गों और ट्रैफिक नियमन व्यवस्था पर मंथन किया।प्रस्तावित बहुमंजिला पार्किंग निर्माण से स्टेडियम में होने वाले आयोजनों के दौरान लगने वाले जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही यातायात के सुचारू संचालन और पार्किंग की सुविधा से स्थानीय नागरिकों को भी फायदा होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल), अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात), उपजिलाधिकारी राजातालाब, अधिशासी अभियंता (सीडी-1), लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, वीडीए के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा और नगर नियोजक प्रभात कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 30.04.2025

# वीसी ने की गंजारी स्टेडियम के पास बहुमंजिला पार्किंग और ट्रैफिक प्लान को लेकर बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को वाराणसी रिंग रोड स्थित ग्राम गंजारी में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप बहुमंजिला पार्किंग भवन के निर्माण और आने वाले समय में स्टेडियम के आयोजन दिवसों पर प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की गयी।



**वीडीए वीसी पुलकित गर्ग बैठक की अध्यक्षता करते हुए। एडीएम प्रोटोकॉल प्रकाश चंद, एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार, एसडीएम राजतालाब, अपर सचिव गुडाकेश शर्मा सहित अन्य अफ़सर रहे मौजूद**

उक्त निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) प्रकाश चंद्र, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) राजेश पांडेय, उपजिलाधिकारी राजातालाब तथा अधिशासी अभियंता (सीडी-1), लोक निर्माण विभाग, बैठक में भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया, पार्किंग के संभावित स्थानों, यातायात के वैकल्पिक मार्गों एवं नियमन व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिससे आगामी आयोजनों में आमजन को न्यूनतम असुविधा हो और यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बन सके। बैठक के दौरान अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार उपस्थित रहे।